हल्दीघाटी युद्ध

चर्चा में क्यों?

- हाल ही में हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप की विजय को लेकर पुन: विवाद खड़ा हो गया है।

प्रमुख बिंदु

- दरअसल राजस्थान के उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में इतिहास के विषय में पढ़ाया जा रहा है कि हल्दीघाटी युद्ध में अकबर की जीत हुई थी जबकि अनेक इतिहासकार इसके खिलाफ हैं। उनके अनुसार साक्ष्य यह साबित कर चुके हैं कि हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप की जीत हुई थी।
- इस विवाद के पश्चात् विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग की अध्यक्ष प्रो. दिग्विजय भटनागर ने अपनी पुस्तक 'राजस्थान के इतिहास की रूपरेखा' के संदर्भ में हल्दीघाटी युद्ध में अकबर की जीत के बारे में लिखे जाने को लेकर स्पष्ट किया है कि यह पुस्तक इतिहासकारों की पूर्व में प्रकाशित पुस्तकों पर आधारित है, जिसका उन्होंने केवल संपादन किया है। ऐसे में जल्द ही संशोधन के साथ नई पुस्तक आएगी जिसमें हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप की जीत का उल्लेख किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून 1576 को मेवाड़ के महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच लड़ा गया था।
- अकबर की सेना का नेतृत्व आमेर के राजा मान सिंह प्रथम ने किया था, जबकि इस युद्ध में महाराणा प्रताप को मुख्य रूप से भील जनजाति का सहयोग मिला था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haldighati-war